हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार 29 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

4 जिला योगासन चैंपियनशिप में चंद्रपुर का जलवा, सभी खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित





हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
29 जुलाई 2026
कूपन नं.
9

## ओड़िशा की एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और नगर सेना के गोताखोर कर रहे हैं सर्चिंग

# अब पंजाब के गोताखोर ढूढेंगे नदी में पूर्व सरपंच और उनकी पत्नी को, स्कूबा के साथ पहुंचेंगे आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बीते रविवार की शाम करीब साढ़े 5 बजे सारंगढ़ बरमकेला मार्ग पर स्थित लात नाला में कार सहित पानी की तेज बहाव में बहे पूर्व सरपंच और उनकी पत्नी की अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। अब उनकी ढूंढने के लिए पंजाब की रेस्क्यू टीम को हायर किया गया है। आज किसी भी समय पंजाब के गोताखोर अपने तकनीकी सामानों के साथ पहुंचेंगे। दूसरी ओर मौके पर ओड़िशा एनडीआरएफ की टीम, रायपुर बिलासपुर एसडीआरएफ और रायगढ़ नगर सेना की टीम बीते दो दिनों से ढूंढने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन अब तक सफलता नहीं मिली है।

बीते रविवार को करीब साढ़े 5 बजे बड़े घोठला निवासी पूर्व सरपंच और उनकी पत्नी जब कार में माधोपाली से लौट रहे थे तो उनकी कार लात नाले के तेज बहाव में बह गई थी। इसके बाद रात हो गई तो उनका पता तो चला नहीं। दूसरे दिन सोमवार को ओड़िशा एनडीआरएफ की टीम मौके पहुंच गई थी। साथ ही रायगढ़ नगर सेना के गोताखोर, बिलासपुर रायपुर के एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंच गई थी। तीनों टीमें ढूंढने की पूरी कोशिश कर रहे हैं, लेकिन अब तक सफलता नहीं मिली है। ऐसे में पंजाब की रेस्क्यू टीम को बुलाया जा रहा है। पंजाब की टीम आज अपने तकनीकी संसाधनों के साथ पहुंच जाएगी। जानकारी मिली है कि उनके पास स्कूबा रहता है और गैस सिलेंडर के सहारे पानी भीतर तैर कर ढूढते हैं। ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि उनके आने के बाद दोनों पति-पत्नी को ढूढ़ने में सफलता मिल सकती है।



**खास बात**

- पानी का बहाव नहीं हो रहा कम, 48 घंटे से जारी है सर्चिंग अभियान



### तीन लाख में सौदा

पंजाब की रेस्क्यू टीम को तीन लाख का भुगतान करना पड़ेगा। इतनी राशि में सौदा हुआ है। जानकारी मिली है कि इस राशि का भुगतान पूर्व सरपंच के परिजन करेंगे। बताया जा रहा है कि पंजाब की टीम काफी तकनीकी संसाधनों का उपयोग करके ऐसे मामलों का सुलझाया है। इसके कारण वहां संपर्क कर इस टीम को बुलाया जा रहा है। आज पहुंचने के बाद ही टीम अपना सर्चिंग ऑपरेशन चालू कर देगी।

### कार वहीं है जहां फंसी थी

नदी में कार जहां फंसी थी वह अभी भी वहीं है। कारण उसे भी पानी की तेज बहाव के कारण निकालने में दिक्कत हो रही है। कार में पूरी पानी भरी हुई है। ऐसे में उसे निकालने में काफी परेशानी आ रही है। गोताखोरों की टीम पानी कम होने का इंतजार कर रही है। बहाव कम होने से निकालने में आसानी होने की बात कही जा रही है।

## ढाबा, गैरेज से सामान की चोरी, सामान व बाइक के साथ पकड़ाया आरोपी

रायगढ़। छाल थाना क्षेत्र में ढाबा और गैरेज से हुई चोरी की वारदात के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी गया मोबाइल, दो प्रेसर जैक और वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। जानकारी के अनुसार, 26 जुलाई को ग्राम हाटी स्थित मितान ढाबा संचालक भागीरथी साहू 42 ने बताया कि 25 जुलाई की रात ढाबा बंद कर सभी कर्मचारी सो गए थे। अगले दिन सुबह बिल काउंटर पर रखा मोबाइल गायब मिला और सामान बिखरा हुआ था। इसी दौरान पास के गैरेज संचालक अशरफ अली ने भी अपने गैरेज से दो प्रेसर जैक चोरी होने की सूचना दी। शिकायत पर पुलिस ने धारा 301(4) एवं 305(ए) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने ढाबे में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में रात करीब 2:15 बजे एक युवक पहले ढाबे के बिल काउंटर से मोबाइल चोरी करते और बाद में गैरेज से दो प्रेसर जैक मोटरसाइकिल में ले जाते हुए दिखाई दिया। चोरी गए सामान की कुल कीमत करीब 17 हजार आंकी गई।

**खबर संक्षेप**

### ई-टिकटों के अवैध कारोबारी गिरफ्तार

रायगढ़। रेलवे सुरक्षा बल ने अवैध रूप से रेलवे ई-टिकट बनाने के कारोबार पर कार्रवाई करते हुए एक मोबाइल एवं फोटो कॉपी दुकान संचालक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ रेलवे अधिनियम की धारा 143 के तहत मामला दर्ज किया गया है। जांच में सामने आया कि वह बिना किसी वैध अधिकृत लाइसेंस के पिछले करीब तीन वर्षों से रेलवे ई-टिकट बनाकर प्रत्येक टिकट पर अतिरिक्त कमीशन वसूल रहा था। मिली जानकारी के अनुसार, 25 जुलाई 2026 को प्रभारी आरपीएफ की टीम ने जूटमिल थाना पुलिस के सहयोग से कबीर चौक, उड़ीसा रोड स्थित महेंद्र मोबाइल फोटो कॉपी नामक दुकान पर दबिश दी। सूचना मिली थी कि दुकान में अवैध रूप से रेलवे ई-टिकट बनाए जा रहे हैं। जांच के दौरान दुकान संचालक प्रेमसागर साहू 35 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 34, कबीर चौक से पूछताछ की गई। उसकी सहमति से दुकान में रखे कंप्यूटर की जांच की गई। जांच में एक व्यक्तिगत यूजर आईडी से बनाए गए 15 रेलवे ई-टिकट मिले। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसके पास रेलवे ई-टिकट बनाने का कोई वैध प्राधिकरण या लाइसेंस नहीं है। उसने बताया कि वह पिछले लगभग तीन वर्षों से ग्राहकों की मांग पर रेलवे टिकट बना रहा था।



### पेंशन के लिए छह महीने संघर्ष अब हुई सफल

रायगढ़। जिला कांग्रेस कमेटी ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लंबित भुगतान के मुद्दे पर पिछले लगभग छह माह से निरंतर जनसंघर्ष किया। इस दौरान फरवरी माह में कलेक्ट्रेट घेराव कर ज्ञापन सौंपा गया फिर मई महीना में मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। इसके बाद भी सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि हितग्राहियों को नहीं मिल पाने की स्थिति में जुलाई माह में पेंशन हितग्राहियों के साथ रायगढ़ विधायक एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी के निवास कार्यालय का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया गया। साथ ही लगभग 250 पेंशन हितग्राहियों से लंबित पेंशन भुगतान की मांग को लेकर आवेदन भरवाकर जिला प्रशासन को सौंपे गए। शाखा यादव ने कहा कि प्रदेश भर में हजारों वृद्धजनों, विधवाओं, दिव्यांगजनों एवं अन्य पेंशन हितग्राहियों को महीनों से पेंशन नहीं मिलने के कारण अत्यंत कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा था। कांग्रेस ने इस जनहित के मुद्दे को लगातार प्रमुखता से उठाया और प्रशासन व भाजपा सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष किया, जिसके परिणामस्वरूप नगर पालिक निगम रायगढ़ द्वारा जारी जानकारी के अनुसार वृद्धावस्था, विधवा, दिव्यांग तथा अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के पात्र 7956 हितग्राहियों के लंबित पेंशन का भुगतान किए जा रहे हैं। जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष शाखा यादव ने कहा कि यह जनदबाव, हितग्राहियों की आवाज और छह माह तक चले निरंतर संघर्ष का सकारात्मक सुखद परिणाम है, जिसके कारण गफलती नींद में सोई भाजपा सरकार को जिला कांग्रेस द्वारा लगातार जगाने का प्रयास किया गया और अंततः भाजपा सरकार को जागना पड़ा और लंबित पेंशन का भुगतान करना पड़ा।

## स्कूल परिसर में धरने पर बैठे पूर्व भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष, पकड़ कर थाने ले गई पुलिस



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सरस्वती साइकिल योजना के तहत शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल राजपुर में छात्राओं को वितरित की जा रही साइकिलों की गुणवत्ता को लेकर विवाद खड़ा हो गया। सामाजिक कार्यकर्ता व आदिवासी नेता रवि भगत ने साइकिलों को अमानक और गुणवत्ताहीन बताते हुए उनके वितरण का विरोध किया तथा स्कूल परिसर में ही धरने पर बैठ गए। इस दौरान उन्होंने मांग की कि जब तक साइकिलों की गुणवत्ता की जांच नहीं हो जाती, तब तक उनका वितरण रोका जाए।

इस दौरान रवि भगत ने आरोप लगाया कि छात्राओं को दी जा रही साइकिलें निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं हैं। उनका कहना था कि अधिकांश छात्राओं को साइकिल का मूल बिल, वारंटी कार्ड और अन्य आवश्यक दस्तावेज भी उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। उनका आरोप है कि यह मामला केवल खराब गुणवत्ता तक सीमित नहीं है, बल्कि सरकारी योजना में संभावित वित्तीय और प्रशासनिक अनियमितताओं से भी जुड़ा हो सकता है। धरने से पहले रवि भगत ने गांव-गांव जाकर ग्रामीणों से इस विरोध प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की थी। उनके आह्वान के बाद कुछ ग्रामीण भी स्कूल पहुंचे और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करने लगे। विरोध प्रदर्शन के कारण स्कूल परिसर में कुछ समय के लिए तनावपूर्ण स्थिति बन गई। घटना की सूचना मिलते ही शिक्षा विभाग के अधिकारी, लैलूंगा थाना प्रभारी तथा पुलिस बल मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने रवि भगत को समझाने का प्रयास किया, लेकिन उनके धरने से नहीं उठने पर पुलिस उन्हें स्कूल परिसर से हटाकर लैलूंगा थाने ले गई, जहां उन्हें कुछ समय तक बैठाया गया। इस दौरान पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने स्थिति को शांतिपूर्ण बनाए रखने की कोशिश की।

### दोषियों पर कार्रवाई की मांग

इस मामले को लेकर रवि भगत ने थाना प्रभारी, लैलूंगा को एक लिखित आवेदन भी सौंपा है। आवेदन में उन्होंने शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल राजपुर में सरस्वती साइकिल योजना के तहत अमानक एवं गुणवत्ताहीन साइकिलों के वितरण का आरोप लगाते हुए संबंधित प्राचार्य एवं अन्य जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। उन्होंने यह भी कहा है कि यदि मामले की निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो भविष्य में बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा।

## अतिथि व्याख्याता की नियुक्ति पर बवाल: हाईकोर्ट के आदेश की अनदेखी का आरोप, जांच और कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

डिग्री में अतिथि व्याख्याता की नियुक्ति को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। इस मामले में महाविद्यालय के प्राचार्य को लिखित शिकायत सौंपकर नियुक्ति प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाया गया है। शिकायत में कहा गया है कि अतिथि व्याख्याता के रूप में राजेश कुमार पटेल की नियुक्ति नियमों के विपरीत की गई तथा इस पूरी प्रक्रिया में उच्च न्यायालय बिलासपुर के आदेश की भी अनदेखी की गई। शिकायतकर्ता ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

दरअसल शासकीय किरोड़ीमल कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, रायगढ़ में वनस्पति शास्त्र विभाग में अतिथि व्याख्याता की नियुक्ति को लेकर एक बार फिर विवाद गहरा गया है। महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. सुषमा पटेल ने उच्च शिक्षा विभाग, आयुक्त, कलेक्टर तथा जिला प्रशासन को लिखित शिकायत भेजकर आरोप लगाया है कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 में अतिथि व्याख्याता की नियुक्ति उच्च शिक्षा विभाग की अतिथि व्याख्याता नीति-2024 के अनुरूप नहीं की गई है। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर नई भर्ती प्रक्रिया शुरू कराने की मांग की है। शिकायत में कहा गया है कि वनस्पति शास्त्र विषय में कार्यरत अतिथि व्याख्याता राजेश कुमार पटेल को वर्ष 2024-25 के लिए छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट, बिलासपुर के WPS क्रमांक 6834/2024 में पारित आदेश के आधार पर कार्य करने की अनुमति दी गई थी। न्यायालय ने अपने आदेश में स्पष्ट किया था कि याचिकाकर्ता को केवल वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2024-25 के अंत तक अतिथि व्याख्याता के रूप में कार्य करने दिया जाए। न्यायालय ने नियमित अथवा आगामी सत्र के लिए नियुक्ति का कोई आदेश नहीं दिया था। शिकायतकर्ता का आरोप है कि इसके बावजूद शैक्षणिक सत्र 2025-26 में भी उसी आदेश का हवाला देकर राजेश कुमार पटेल को पुनः अतिथि व्याख्याता के रूप में कार्य करने दिया गया, जबकि उच्च शिक्षा विभाग की नीति के अनुसार प्रत्येक शैक्षणिक सत्र में रिक्त पदों के लिए विज्ञापन जारी कर पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जाने चाहिए। उनका कहना है कि इस प्रक्रिया का पालन नहीं किए जाने से अन्य योग्य उम्मीदवारों को आवेदन का अवसर ही नहीं मिल पाया। डॉ. सुषमा पटेल ने अपने आवेदन में यह भी उल्लेख किया है कि वर्ष 2024 में गठित चयन समिति ने राजेश कुमार पटेल को नियुक्ति के लिए उपयुक्त नहीं पाया था। इसके बाद कॉलेज द्वारा जारी अतिथि व्याख्याता संबंधी विज्ञप्ति भी निरस्त कर दी गई थी। ऐसे में चयन समिति के निर्णय और विभागीय नियमों की अनदेखी करते हुए पुनर्नियुक्ति दिया जाना गंभीर अनियमितता है। शिकायत के अनुसार, इस मामले में पहले भी महाविद्यालय प्रशासन को आवेदन देकर आपत्ति दर्ज कराई गई थी, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद सूचना के अधिकार के तहत भी संबंधित दस्तावेजों की जानकारी मांगी गई, किंतु पूरी जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई।




## ऑपरेशन के दौरान बेटे की मौत, परिजनों ने डॉक्टरों पर लगाया लापरवाही का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खरसिया सिविल अस्पताल में पाइल्स के ऑपरेशन के बाद हुई एक युवक की मौत का मामला एक बार फिर चर्चा में आ गया है। घटना के एक माह बाद भी कार्रवाई नहीं होने से नाराज मृतक के परिजन कलेक्टोरेट पहुंचे और कलेक्टर को लिखित शिकायत देकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की।

मृतक तामेश्वर शर्मा के पिता रावेंद्र प्रसाद शर्मा ने आवेदन में बताया कि 25 जून को उनके पुत्र का खरसिया सिविल अस्पताल में पाइल्स का ऑपरेशन किया गया था।

उनका आरोप है कि ऑपरेशन के दौरान चिकित्सकीय लापरवाही के कारण तामेश्वर की मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि घटना के बाद जिम्मेदारी से बचने के लिए युवक को गंभीर बताकर रायगढ़ के एक निजी अस्पताल रेफर किया गया, जबकि वहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने बताया कि उसकी मौत पहले ही हो चुकी थी। परिजनों का आरोप है कि घटना के तुरंत बाद उन्होंने खरसिया पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज कराई थी।

मामले को लेकर स्थानीय लोगों के साथ विरोध-प्रदर्शन भी किया गया था। उस समय प्रशासन की ओर से जांच कर उचित कार्रवाई का भरोसा दिया गया था, लेकिन अब तक किसी भी जिम्मेदार चिकित्सक पर कार्रवाई नहीं की गई। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि मेडिकल कॉलेज की डॉक्टरों की टीम द्वारा पोस्टमार्टम किए जाने के बावजूद आज तक रिपोर्ट परिजनों को नहीं सौंपी गई है। उनका कहना है कि रिपोर्ट में हो रही देरी से पूरे मामले की पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। परिजनों ने कलेक्टर से मांग की है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट तत्काल उपलब्ध कराई जाए, मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और यदि चिकित्सकीय लापरवाही सामने आती है तो संबंधित डॉक्टरों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।



### एचएम ने भी स्वीकार किया कि वह करते हैं शराब सेवन

# प्राइमरी स्कूल का प्रधान पाठक बच्चों को पढ़ाता है शराब के नशे में

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

राजपुर प्राइमरी स्कूल के प्रधान पाठक ने शिक्षा के मंदिर को शर्मसार करने का काम किया है। शिक्षक का नाम है सरोज भोए है जो अक्सर शराब पीकर स्कूल आते हैं। इस दौरान वो नशे की हालत में ही बच्चों को पढ़ाते हैं। आलम यह है कि प्रधान पाठक शिक्षक शराब के नशे में बच्चों की कक्षा लेते हैं। यही नहीं यदि अभिभावक स्कूल आते है तो शिक्षक नशे की हालत में ही उनसे मुलाकात करता है। आज मंगलवार को प्रधान पाठक सरोज भोए नशे की हालत में था और ग्रामीणों ने इसकी शिकायत अधिकारियों से की। ग्रामीणों की शिकायत पर तत्काल जांच में अधिकारी पहुंचे और इस दौरान प्रधान पाठक ने शराब सेवन की बात स्वीकार किया।

हम बात कर रहे हैं सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के विकासखंड बरमकेला तहसील सरिया के शासकीय प्राथमिक विद्यालय ग्राम राजपुर की। सरिया से लगे ग्राम राजपुर के शासकीय प्राथमिक विद्यालय में पदस्थ प्रधान पाठक सरोज भोए शराबी होने के कारण पालकों में तीव्र रोष व्याप्त है। शराब के नशे में प्रधान पाठक स्कूल आते हैं और बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करने से पालकों में तीव्र रोष व्याप्त है। इसके कारण पालकों ने अपने बच्चों के टीसी कटवाना प्रारंभ कर दिया।

ग्रामीणों का आरोप है कि इसके बाद भी शराबी शिक्षक का पढ़ाना नहीं बल्कि पीना ड्यूटी है मान कर रोज शराब पीकर स्कूल आते हैं। मंगलवार को शराबी प्रधान पाठक सरोज भोए जब स्कूल पहुंचा तो ग्रामीण इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से की। ग्रामीणों की शिकायत पर अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई का आदेश किया। जिस पर शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सरिया के प्राचार्य, श्री तिर्की अपने टीम के साथ जांच में पहुंचे। जहां ग्रामीणों की शिकायत सुनने के बाद प्राचार्य एवं जांच अधिकारी, तिर्की ने प्रधान पाठक सरोज भोए से भी पूछताछ किया। प्रधान पाठक सरोज भोए ने शराब सेवन करना स्वीकार किया। तत्पश्चात जांच अधिकारी तिर्की ने पंचनामा तैयार कर शासन को इसकी जानकारी भेजने की बात कही है। बता दे की शराबी प्रधान पाठक के कारण ग्रामीणों में तीव्र गुस्सा है। गुस्से में आकर ग्रामीणों ने अधिकारियों को फोन किया। अब ग्रामीणों का कहना है कि जब तक शराबी शिक्षक यहां से नहीं हटा दिया जाता तब तक हम अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेजेंगे। जांच अधिकारी ने बताया कि शासकीय प्राथमिक शाला राजपुर के प्रधान पाठक सरोज भोए के खिलाफ ग्रामीणों ने शिकायत की थी। जांच के दौरान शिक्षक ने स्वयं स्वीकार किया कि वह शराब सेवन कर स्कूल आए हैं। पंचनामा तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेजा गया है।





ग्राम राजपुर शासकीय प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक सरोज भोए अक्सर शराब सेवन कर स्कूल आते हैं। आज भी शराब सेवन कर स्कूल आए थे। इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से की गई। जिस पर जांच के लिए अधिकारी पहुंचे। जांच अधिकारी के समक्ष शिक्षक ने शराब सेवन करना स्वीकार किया। शराबी प्रधान पाठक के कारण पढ़ाई लिखाई प्रभावित है। ऐसे शिक्षक को हटाने की मांग की गई है।

**भागीरथी साहू**
ग्रामीण



# चौहान में नजर आएंगे विक्रांत, अजय को देंगे टक्कर

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की अपकमिंग फिल्म 'चौहान' बीते दिनों अपनी पहली झलक के साथ ही काफी चर्चा में रही थी। इसे दर्शकों ने सोशल मीडिया पर जबरदस्त प्यार दिया था। वहीं अब ये फिल्म एक बार फिर से चर्चा में आ गई है। दरअसल, अब इसमें अभिनेता विक्रांत मैसी की एंट्री की खबरें हैं जो दर्शकों का दिल अपनी शानदार फिल्म '12वीं फेल' से जीत चुके हैं। सूत्र ने बताया कि आनंद एल राय ने अजय की चौहान के लिए एक ग्रे शेड वाले किरदार में विक्रांत को साइन किया है। फिल्म में विक्रांत मैसी सुपरस्टार अजय देवगन से टक्कर लेते हुए नजर आएंगे।

लाइफ Style



# भूमि
## छत्रपति शिवाजी महाराज में हुई एंट्री

एजेंसी ▶▶ मुंबई

साल 2022 में कांतारा और 2025 में कांतारा चैप्टर 1 से तहलका मचाने वाले दक्षिण भारतीय अभिनेता ऋषभ शेट्टी अपनी अगली फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहे हैं। 'द प्राइड ऑफ भारत: छत्रपति शिवाजी महाराज' के नाम से रिलीज होने वाली इस फिल्म में ऋषभ, शिवाजी महाराज के किरदार में नजर आएंगे।

अब इस फिल्म से जुड़ एक नया अपडेट सामने आया है। फिल्म में अभिनेत्री भूमि पेडनेकर की भी एंट्री हो गई है। सोमवार को मेकर्स ने इसकी घोषणा की। फिल्म में भूमि पेडनेकर वॉरियर क्वीन बेलवाडी मल्लम्मा का किरदार निभाएंगी। मल्लम्मा एक निडर योद्धा रानी थीं, जिन्हें उनकी बहादुरी और अटूट जज्बे के लिए याद किया जाता है। बेलवाड़ी मल्लम्मा ने देश की पहली महिला सैनिक टुकड़ी का गठन किया था। ऐसा करने वाली वह पहली रानी थीं। कहा जाता है कि वो अपने चार माह के बेटे को गोद में लेकर शिवाजी महाराज की सेना से युद्ध लड़ी थीं। स्टार कास्ट : ऋषभ शेट्टी, भूमि पेडनेकर, शेफाली शाह, अर्जुन रामपाल और विवेक ओबेराय। निर्देशक और निर्माता : संदीप सिंह। बजट : 500 करोड़ से ज्यादा के बजट में दो भाग बनाए जाएंगे। अगले साल जनवरी तक पहला भाग रिलीज किया जा सकता है। क्रू : इंटरनेशनल एक्शन को-ऑडिनेटर्स, जो गेम ऑफ थ्रोल और द विचर में काम कर चुके हैं। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता कंपोजर अमित त्रिवेदी फिल्म को म्यूजिक देंगे वहीं गीत प्रसून जोशी लिखेगे। फिल्म की कहानी ऋषि विरमानी ने लिखी है, जिसे मेकर्स दो भागों में रिलीज करेंगे।

## हॉलीवुड मसाला




# स्पाइडर-मैन ... 30 को होगी रिलीज

**नई दिल्ली।** कुछ ही दिनों में स्पाइडर-मैनः ब्रैंड न्यू डे सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है और फैंस के बीच उत्साह अपने चरम पर है। स्पाइडर-मैनः नो वे होम की भावुक घटनाओं के बाद टॉम हॉलैंड (एक बार फिर अपने लोकप्रिय किरदार पीटर पार्कर के रूप में लौट रहे हैं। यह फिल्म पीटर पार्कर की जिंदगी के एक बिल्कुल नए अध्याय की शुरुआत करेगी। सोनी पिक्चर्स एंटरटेनमेंट इंडिया स्पाइडर-मैनः ब्रैंड न्यू डे को 30 जुलाई को भारतभर के सिनेमाघरों में रिलीज करेगी।



# मैडोना का लंदन वाला पुराना घर किराए पर उपलब्ध...

**लॉस एंजिल्स।** दुनियाभर में अपने नए गानों को लेकर चर्चा में रहने वाली मशहूर पॉप सिंगर मैडोना का एक पुराना घर इन दिनों फिर सुर्खियों में है। लंदन के साउथ केंसिंग्टन इलाके में स्थित यह शानदार घर अब किराए के लिए उपलब्ध है। खास बात यह है कि कभी यह घर कभी मैडोना और उनके एक्स हसबैंड फिल्म निर्देशक गाय रिची का आशियाना हुआ करता था। इस घर की पहचान सिर्फ मैडोना से ही नहीं जुड़ी है। साल 2004 में आई क्राइम थ्रिलर फिल्म 'लेयर केक' की शूटिंग भी यहां हुई थी। फिल्म में डैनियल क्रेग के किरदार का लंदन वाला घर इसी प्रॉपर्टी को बनाया गया था। यह वही फिल्म थी, जिसके बाद डैनियल क्रेग को जेम्स बॉन्ड की भूमिका मिलने का रास्ता खुला। क्वीन्स गेट म्यूज़ में बना यह दो बेडरूम वाला घर बाहर से बेहद साधारण दिखाई देता है।



# मां को समर्पित किया बंटवारा 1947 का ट्रेलर

**मुंबई।** सनी देओल इन दिनों फिल्म 'बंटवारा 1947' की रिलीज को लेकर चर्चा में हैं। सनी देओल ने इंस्टाग्राम पर मां के साथ फोटो शेयर कर करते हुए इमोशनल पोस्ट शेयर की है और फिल्म के ट्रेलर की रिलीज डेट रिवील की है। उन्होंने केवल मां ही नहीं, बल्कि देश भर की मां को इस फिल्म के ट्रेलर को समर्पित कर दिया। एक्टर ने मां के साथ फोटो शेयर करते हुए लिखा, 'मेरी मां ही मेरा रब हैं। मेरा प्यार, मेरा हौसला, मेरी ताकत. बंटवारा 1947 में अपनी मां और दुनिया की हर मां को समर्पित करता हूं।' इसके साथ ही सनी देओल ने पोस्ट के आखिरी में 'बंटवारा 1947' के ट्रेलर रिलीज का भी ऐलान किया और जानकारी दी कि इस फिल्म का ट्रेलर 28 जुलाई को रिलीज किया जाएगा। 'बंटवारा 1947' की कहानी भारत और पाक के बंटवारे की पृष्ठभूमि पर बुनी गई है।



# आदर्श कुटुंबम की पहली झलक आई सामने

**नई दिल्ली।** संक्रांति वास्तुनाम की अपार सफलता के बाद अब साउथ सिनेमा के दिग्गज अभिनेता दग्गुबाती वेंकटेश बड़े पर्दे पर वापसी करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। उनकी अपकमिंग फिल्म का नाम आदर्श कुटुंबम- हाउस नंबर 47 है। इस फिल्म का पहला टीजर सामने आ गया है, साथ ही मेकर्स की तरफ से फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान भी किया गया है, जिससे कहीं न कहीं बॉलीवुड सुपरस्टार अजय देवगन की बहुचर्चित फिल्म दृश्यम 3 की टेंशन बढ़ सकती है। दग्गुबाती की आदर्श कुटुंबम का डायरेक्सन त्रिविक्रम श्रीनिवास ने किया है, जो बतौर फिल्ममेकर सुपरस्टार महेश बाबू और श्रीलीला स्टारर गुंटूर कारूम की असफलता के 2 साल बाद वापसी कर रहे हैं। आदर्श कुटुंबम में वेंकटेश के अलावा केजीएफ फिल्म फेम अदाकारा श्रीनिधी शेट्टी भी अहम भूमिका में मौजूद हैं।

## टीवी मसाला

# लाफ्टर शेफ के तीसरे सीजन के विनर रहे अली और जन्नत

**नई दिल्ली।** ओटीटी पर छाए रहने वाला शो लाफ्टर शेफ अब खत्म हो चुका है और इसके साथ ही हमारे पास तीसरे सीजन के विनर्स के नाम भी आ चुके हैं और जैसा कि शुरुआत से ही क्लियर था टीवी स्टार्स अली गोनी और




जन्नत जुबैर सबसे ज्यादा स्टार्स के साथ शो के विनर रहे। अली गोनी के कॉन्फिडेंस और जन्नत की सीखने की ललक ने उन्हें एक बेस्ट जोड़ी के तौर पर उभारा और उनका यही बॉन्ड उन्हें कई मुश्किल चैलेंजेस में भी मददगार साबित हुआ। ग्रैंड फिनाले का सेलिब्रेशन कुछ और खास हो गया जब रोहित शेट्टी अपने शो 'खतरों के खिलाड़ी' के कंटेस्टेंट्स के साथ इस शो के सेट पर पहुंचे। इसके कई क्लिप्स सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। शो में विनर बनने को लेकर जब जन्नत से बात की गई तो उन्होंने कहा, लाफ्टर शेफ एक यूनीक शो है जहां केवल एक विनर या एक विनिंग टीम नहीं होती। अली और मैंने ट्रॉफी जरूर उठाई है, लेकिन मुझे लगता है कि इस शो से जुड़ा हर एक शख्स विनर है. हमने साथ में बहुत इंजॉय किया है, हंसे हैं, बहुत कुछ सीखा है, साथ होने का अहसास अपने आप में इस सफर को बहुत खास बनाता है। कलर्स पर टेलीकास्ट होने वाला ये शो ओटीटी प्लैटफॉर्म जियो हॉटस्टार पर काफी हॉट प्रॉपर्टी रहा है।

## क्योंकि सास भी कभी बहू थी में होगा हंगामा

**नई दिल्ली।** स्टार प्लस से सीरियल क्योंकि सास भी कभी बहू थी में लीप के ट्विस्ट के बाद नया बवाल होता दिखने वाला है। दरअसल, जब विरानी परिवार दो शादियों की तैयारियों में जुटा है, तभी एक ऐसा चेहरा वापस



लौटने वाला है जो सब कुछ बदल सकता है। क्योंकि सास भी कभी बहू थी में सुवर्णा झा पूरे 18 साल बाद एक बार फिर त्रिप्ती विरानी बनकर लौट रही हैं। त्रिप्ती वही किरदार है जिसने कभी अपने अंदाज, चालाकी और फैसलों से पूरे विरानी परिवार की जिंदगी बदल दी थी। अब उनकी वापसी के साथ एक बार फिर दर्शकों को त्रिप्ती और तुलसी की सबसे यादगार टक्कर देखने को मिलेगी। ऐसे में परिवार के पुराने रिश्ते फिर से कसौटी पर होंगे और कहानी एक नए मोड़ की ओर बढ़ेगी। सुवर्णा झा ने कहा, 18 साल बाद एक बार फिर त्रिप्ती का किरदार निभाना मेरे लिए किसी सपने जैसा है। इस वापसी के साथ जितनी खुशी है, उतनी ही घबराहट भी, क्योंकि दर्शक आज भी मुझे त्रिप्ती के रूप में याद करते हैं, न कि आज की सुवर्णा के रूप में।

# न सुर, न ताल, फिर भी शादियों की शान है 15 साल पुराना गाना

**नई दिल्ली।** जब कोई गाना बनता है तो उसके पीछे गायक, गीतकार और संगीतकार का होता है। गीतकार, गाने के बोल लिखता है, संगीतकार धुनें बनाता है और गायक उसे अपनी आवाज में इसे लोगों के दिलों में उतारता है। यूं तो बिना किसी गायक के, कोई गाना बन नहीं सकता है, लेकिन 15 साल पहले यह मुमकिन हुआ था। जी हां, 15 साल पहले एक गाना बना था, जिसमें किसी गायक ने आवाज नहीं दी थी। फिर भी कल्ट गाना आज हर किसी की जुबां पर रहता है। इस गाने को शादी-पार्टी में लूप पर बजाया जाता और कमर लचकाई जाती है। भले ही इस गीत को बने डेढ़ दशक हो गया लेकिन क्रेज खत्म नहीं हुआ।

***शादी-पार्टी में खूब बजता है गाना :*** यह गीत कोई और नहीं, फिल्म देव डी का 'इमोशनल अत्याचार' है। इस गाने को ब्रास बैंड वर्जन में तैयार किया गया था। इस गाने को जिसने गाया था, उन्होंने डर के मारे एक फिक्शनल नाम इस्तेमाल किया था, ताकि लोगों को पता न चल सके कि आवाज के पीछे कौन है।



***अनुराग ने दिया था आइडिया :*** जी हां, उन्होंने खुलासा किया था कि इस गीत को आखिर किसने आवाज दी थी। आपको जानकर हैरानी होगी कि इस गीत को किसी और नहीं ने नहीं, बल्कि गीतकार अमिताभ भट्टाचार्य और संगीतकार अमित त्रिवेदी ने गाया था। अमित त्रिवेदी ने इस बारे में बताता था- अनुराग कश्यप चाहते थे कि गाना एक खास तरह का हो। यह उनका विजन था। 'इमोशनल अत्याचार' शब्द उन्हीं का था और इसे शादी में बजने वाले ब्रास बैंड स्टाइल में करने का आइडिया भी उन्हीं का था। मैंने बस उनके विजन और प्लान को हकीकत में बदला। जब अमिताभ और मैं यह गाना बना रहे थे तो हमने सोचा कि अनुराग को यह दिखाने के लिए कि हम क्या कर रहे हैं, पहले हम खुद ही यह गाना गाएंगे।

# भोजपुरी बवाल से चिन्ना चिन्ना आसई तक
## इस वीक ओटीटी पर रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज

**नई दिल्ली।** सिनेमाघरों में 'द ओडिसी' का हल्ला है। विजय की 'जन नायकन' (हिंदी में 'जन नेता') भी है। इसके अलावा कई और फिल्मों के विकल्प हैं। वहीं, इस वीक हॉलीवुड फिल्म 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' से लेकर बॉलीवुड की 'आवारापन 2' तक रिलीज हो रही हैं। हर तरफ एंटरटेनमेंट के शानदार विकल्प हैं। मगर, सोमवार से शुरू हुए इस नए सप्ताह में ओटीटी पर भी कई खास देखने को मिलेगा।

***द लीजेंड ऑफ कर्ण :*** यह महाभारत के योद्धा कर्ण के जीवन पर बनी एक एनिमेटेड वेब सीरीज है। यह सीरीज 31 जुलाई को दस्तक देगी। 'द लीजेंड ऑफ कर्ण' को रद देवराजन और जीवन जे कांग ने बनाया है। इस सीरीज में महाभारत के वीर योद्धा कर्ण के जन्म, संघर्ष और महान धनुर्धर बनने की गाथा दिखाई जाएगी। पौराणिक विषय पर बनी सीरीज सोनीलीव पर स्ट्रीम होगी।

***हार्ट बीट सीजन 3 :*** चर्चित तमिल मेडिकल ड्रामा वेब सीरीज का तीसरा पार्ट भी इस वीक रिलीज की कतार में है। 'हार्ट बीट सीजन 3' सीरीज 30 जुलाई से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। सीरीज के इस सीजन में रीना 'रीना 2.0' के रूप में नजर आएगी। यह सीजन रीना की जिंदगी और उसके एएम हॉस्पिटल में जाने की कहानी पर आधारित है। इसमें नए इंटर्न, रोमांस और अस्पताल की राजनीति को दिखाया जाएगा।





***द डेविल वियर्स प्राडा 2 :*** यह अमेरिकी कॉमेडी ड्रामा फिल्म है। यह फिल्म इस साल मई में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और अब ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। डेविड फ्रैंकल निर्देशित यह फिल्म 29 जुलाई से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। इसमें एनी हैथवे, मेरिल स्ट्रीप, स्टेनली टोक्सी और सिमोन ऐश्ली जैसे सितारे हैं।

***चिन्ना चिन्ना आसाई :*** यह मलयालम ड्रामा फिल्म है। यह 19 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और अब ओटीटी पर आने वाली है। चिन्ना चिन्ना आसाई 28 जुलाई से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।

**भोजपुरी बवाल :** इस वीक ओटीटी पर बवाल होने जा रहा है। दरअसल, शो 'भोजपुरी बवाल' शुरू हो रहा है। यह नया भोजपुरी रियलिटी एंटरटेनमेंट शो है, जिसमें पवन सिंह, दिनेश लाल यादव निरहुआ और आम्रपाली दुबे मुख्य कलाकार हैं। शो 2 अगस्त से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगा।

## 1973 में हुई थी रिलीज, गाने हुए थे काफी पॉपुलर
# एक थियेटर में 590 दिन तक चली थी अमिताभ की ये फ्लॉप फिल्म

***नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन और जया बच्चन कुछ गिनती की ही फिल्मों में साथ नजर आए हैं। इनमें गुड्डी, चुपके चुपके, सिलसिला, शोले...कुछ और नाम शामिल हैं। आप कह रहे होंगे ये तो बड़ी ही चर्चित फिल्में रही हैं। इन्हीं में से एक थी अभिमान। ये फिल्म भारत में तो खास नहीं चली, लेकिन इसके गाने काफी पॉपुलर हुए थे। इनमें तेरे मेरे मिलन की ये रैना, पिया बिना बिना जैसे क्लासिक शामिल हैं। 27 जुलाई 1973 को रिलीज हुई इस फिल्म को रिलीज हुए 53 साल हो गए हैं। 53 साल पहले आई ये फिल्म भारत में अमिताभ बच्चन और जया बच्चन के लिए नुकसान का सौदा साबित हुई थी। क्योंकि, दोनों ने इसमें इन्वेस्टमेंट की थी और रिटर्न के नाम पर नुकसान ही मिला था। इस फिल्म को एएमआईवीए नाम के प्रोडक्शन हाउस तले रिलीज किया गया था। एएमआई मतलब अमिताभ और वीए मतलब जया। जाहिर है इस प्रोजेक्ट से काफी उम्मीदें थीं लेकिन नतीजे वैसे नहीं रहे।*



### भारत में फ्लॉप और विदेश में सुपर हिट

अमिताभ बच्चन और जया बच्चन की जोड़ी का करिश्मा भारत में नहीं चल पाया, लेकिन श्रीलंका में हल्ला बोल गया। ये फिल्म वहां बड़ी हिट साबित हुई और आपका जानकर हैरानी होगी कि कोलंबो के एम्पायर सिनेमा में ये फिल्म 590 दिन तक चली थी। इस लंबी पारी से आप वहां अमिताभ बच्चन की फैन फॉलोइंग का अंदाजा लगा सकते हैं। जिस फिल्म को भारत में पसंद नहीं किया गया वह श्रीलंका में दर्शकों की पहली पसंद बनी। इस फिल्म से जुड़ा एक और दिलचस्प फैक्ट ये है कि पहले इसे 'राग रागिनी' नाम दिया रहा था, लेकिन बाद में अभिमान ही फाइनल किया गया।

### किशोर कुमार की जिंदगी से इंस्पायर्ड थी फिल्म!

फिल्म मेकर ऋषिकेश मुखर्जी ने एक बार कहा था कि ये फिल्म किशोर कुमार और उनकी पत्नी रूमा गुहा ठाकुर्ता के टूटते रिश्ते से प्रेरित थी। इसके अलावा इस फिल्म को 'ए स्टार इज बॉर्न' का रीमेक भी बताया जाता है। बता दें जिस वक्त इस फिल्म की शूटिंग शुरू हुई उस वक्त जया भादुड़ी टॉप एक्ट्रेस हुआ करती थीं और जबतक फिल्म पूरी हुई अमिताभ बच्चन।

## खबर संक्षेप



### छापरटोली में सोलर हाईमास्ट लाइट का भूमिपूजन

**जशपुरनगर।** कुनकुरी विकासखंड के ग्राम पंचायत जामचुंवा के छापरटोली में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा स्वीकृत सोलर हाई मास्ट लाइट के स्थापना कार्य का विधिवत भूमि पूजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने कहा कि सोलर हाई मास्ट लाइट स्थापित होने से छापर टोली सहित आसपास के क्षेत्र में रात्रिकालीन प्रकाश व्यवस्था बेहतर होगी। इससे ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी, साथ ही सुरक्षा व्यवस्था भी और अधिक सुदृढ़ होगी। उन्होंने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा आधारित यह पहल ग्रामीण विकास और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है। भूमि पूजन कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अनिता सिंह, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष बालेश्वर यादव, उमेश यादव, विकास नाग, सतकुमार यादव, महेश प्रधान, श्री उमेश सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### संस्कार भारती के जिलाध्यक्ष बने आशीष

**जशपुरनगर।** कला, साहित्य और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए कार्यरत अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती की जशपुर जिला इकाई का गठन कर दिया गया है। जिला इकाई के गठन के साथ ही संगठन ने जिले में सांस्कृतिक गतिविधियों को नए स्वरूप में आगे बढ़ाने की तैयारी शुरू कर दी है। जिला इकाई के गठन के लिए आयोजित आभासी बैठक में संस्कार भारती छत्तीसगढ़ के महामंत्री हेमंत माहुलीकर एवं कोष प्रमुख जागेश्वर सिंह मानसर के सानिध्य में जिले के अनेक कलाकारों, साहित्यकारों एवं समाजसेवियों ने भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से आशीष पाण्डेय (सोनू) को जिला अध्यक्ष, ममता सिन्हा को महामंत्री, मीरा अग्रवाल को मंत्री, मनीषा भगत को कोष प्रमुख, राजेन्द्र प्रेमी को साहित्य विभाग संयोजक तथा मिथिलेश पाठक को कला धरोहर विभाग संयोजक का दायित्व सौंपा गया। इसके अलावा संस्कार मित्र के रूप में शुभा मिश्रा, शिव नारायण सोनी, आशुतोष सोनी, आशुतोष शर्मा, संजीता पाठक, किरण महतो, नीलम वर्मा, नीतू श्रीवास्तव, रीना सोनी, सरिता साहू, सुलोचना महापात्र, सोनम सोनी एवं वर्तिका पाठक ने सदस्यता ग्रहण कर संगठन से जुड़ने की सहमति दी।

### 4 परिवारों को 16 लाख की आर्थिक सहायता

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी राजस्व पुस्तक परिपत्र खंड-6 क्रमांक-4 के प्रावधानों के तहत प्राकृतिक आपदाओं एवं नैसर्गिक विपत्तियों से होने वाली जनहानि के मामलों में प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इसी क्रम में कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदाओं में हुई मृत्यु के 4 प्रकरणों में प्रभावित परिजनों के लिए कुल 16 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। यह सहायता राशि शासन के नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को प्रदान की जाएगी।

## आलोक सिटी मॉल, संजय मार्केट और शांति लॉज गली में चला विशेष अभियान'

# प्लास्टिक से पट गईं नालियां, 7 ट्राली निकला प्लास्टिक कचरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



शहर को जलभराव से मुक्त बनाने के लिए निगम प्रशासन द्वारा लगातार नाला.नालियों की सफाई एवं सुधार कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने आलोक सिटी मॉल के सामने, संजय मार्केट सुभाष चौक मार्ग एवं शांति लॉज गली का निरीक्षण कर स्वयं मौके पर खड़े रहकर सफाई एवं जल निकासी संबंधी कार्य कराए।

निरीक्षण के दौरान आलोक सिटी मॉल के सामने स्थित नाला चैंबर पूरी तरह जाम मिला। सफाई शुरू होने पर नाला चैंबर से लगभग सात ट्रैक्टर.ट्रॉली पानी की प्लास्टिक बोतलें, डिस्पोजल सामग्रीए सिंगल यूज प्लास्टिक, प्लास्टिक की शीशियां, पैकेजिंग सामग्री तथा अन्य ठोस कचरा एवं मलबा निकला। बड़ी मात्रा में जमा इस कचरे के कारण नाला पूरी तरह अवरुद्ध हो गया था, जिससे बरसात का पानी आगे नहीं बढ़ पा रहा था। इससे बरसात के दौरान संजय मार्केट और सुभाष चौक मार्ग पर जलभराव का प्रमुख कारण बन रही थी। आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने तत्काल नाला चैंबर की पूरी सफाई कराकर जल निकासी को सुचारु कराया। इसके बाद उन्होंने शांति लॉज गली का निरीक्षण किया, जहां पाया गया कि छोटी नाली का पानी बड़े नाले तक नहीं पहुंच रहा था। समस्या के स्थायी समाधान के लिए सड़क को काटकर छोटी नाली को बड़े नाले से जोड़ा गया तथा पूरी नाली की सफाई कराकर जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाया गया। इससे क्षेत्र में वर्षा के दौरान पानी का तेजी से निकास हो सकेगा और जलभराव की समस्या में कमी आएगी। निरीक्षण के दौरान आयुक्त श्री क्षत्रिय ने कहा कि नगर निगम नियमित रूप से नाला.नालियों की सफाई कराता है, लेकिन नागरिकों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों द्वारा प्लास्टिक बोतलें, डिस्पोजल, सिंगल यूज प्लास्टिक, थर्माकोल, पैकेजिंग सामग्री तथा अन्य ठोस कचरा नालों में फेंकने के कारण सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है। यही कचरा नालों में जमा होकर जल निकासी को बाधित करता है और थोड़ी सी बारिश में भी जलभराव जैसी स्थिति उत्पन्न हो जाती है। उन्होंने कहा कि सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट नियमों का पालन करना प्रत्येक नागरिक और व्यापारी की जिम्मेदारी है। यदि कचरे का उचित पृथक्करण कर उसे डस्टबिन या नगर निगम की डोर.टू.डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था को सौंपा जाएए तो नाला.नालियों के जाम होने की समस्या काफी हद तक खत्म हो सकती है।

### नाला.नालियों में कचरा फेंकना पड़ सकता है महंगा

निगम प्रशासन ने नागरिकों एवं व्यवसायियों से अपील की है कि वे सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट नियमों का पालन करें। नाला.नालियों में प्लास्टिक, डिस्पोजल, निर्माण मलबा अथवा अन्य ठोस कचरा फेंकना न केवल जलभराव का कारण बनता है, बल्कि यह नियमों का उल्लंघन भी है। ऐसे मामलों में निगम प्रशासन द्वारा नियमानुसार कार्रवाई भी की जा सकती है। स्वच्छ एवं जलभराव मुक्त रायगढ़ के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है।



वीआईपी मार्ग की बदहाली

# सरसीवा-हसौद मुख्य सड़क गड्ढों में तब्दील

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसीवा

क्षेत्र के दो प्रमुख व्यापारिक केंद्र सरसीवा और हसौद को जोड़ने वाला मुख्य सड़क मार्ग इन दिनों अपनी बदहाली पर आँसू बहा रहा है। विशेषकर सरसीवा से जैतपुर तक सड़क बड़े.बड़े गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। हालात ऐसे हैं कि वाहन चलाना तो दूर, पैदल चलना भी जोखिम से खाली नहीं है।

**खास बात**
- हजारों लोगों की रोज़ की यात्रा बनी जोखिम भरी

यह सड़क केवल दो गांवों को जोड़ने वाला मार्ग नहींए बल्कि पूरे क्षेत्र की आर्थिक और सामाजिक जीवनरेखा है। सरसीवा एवं हसौद दोनों प्रमुख व्यापारिक केंद्र होने के कारण प्रतिदिन क्षेत्र के हजारों लोग व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, शासकीय कार्यों एवं अन्य आवश्यक कामों के लिए इसी मार्ग से आवागमन करते हैं। बावजूद इसके सड़क की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। बरसात ने समस्या को और गंभीर बना दिया है। गहरे गड्ढों में भरे पानी के कारण सड़क और गड्ढों में अंतर करना मुश्किल हो गया है। सबसे अधिक परेशानी विद्यालय आने.जाने वाले छात्र-छात्राओं, दोपहिया वाहन चालकों तथा ग्रामीण यात्रियों को उठानी पड़ रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार कई वाहन चालक दुर्घटना का शिकार होते.होते बचे हैं, जबकि छोटे.मोटे हादसे लगातार हो रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि इसी मार्ग से पूर्व विधायक चंद्रदेव रायए वर्तमान विधायक कविता प्राण लहरे तथा भाजपा के वरिष्ठ नेता दिनेश लाल जागड़े के गृहग्राम का आवागमन भी होता है। तीन.तीन प्रभावशाली जनप्रतिनिधियों से जुड़े इस मार्ग की यह दुर्दशा आखिर किसकी जवाबदेही तय करती है, यदि वीआईपी आवागमन वाले मार्ग की यह स्थिति है, तो दूरस्थ ग्रामीण सड़कों की हालत का सहज ही अंदाज़ लगाया जा सकता है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि लोक निर्माण विभाग की उदासीनता के कारण सड़क मरम्मत का कार्य लंबे समय से ठप पड़ा है।

विभाग ने न तो बरसात से पहले आवश्यक मरम्मत कराई और न ही वर्तमान स्थिति को देखते हुए कोई त्वरित राहत कार्य शुरू किया। लोगों का कहना है कि विभाग मानो गहरी नींद में हैए जबकि सड़क पर हर दिन हजारों लोग अपनी जान जोखिम में डालकर सफर करने को मजबूर हैं।

# सब्जी बनाने से मना करने पर पति ने कर दी पत्नी की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सब्जी बनाने से मना करने पर पति ने पत्नी की हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



पति पत्नी के बीच कहासुनी, मनमुटाव व मतभेद सामान्यतः आम जीवन में दिनचर्या का हिस्सा माना जाता है लेकिन विवाद जब एक दूसरे की जान लेने तक बढ़ जाए तो दाम्पत्य जीवन बिखर कर बच्चों को अनाथ होने तक आ जाता है। ऐसा ही एक वाकया थाना कोतवाली जशपुर क्षेत्र में देखने को मिला है जहां घर घुटती के जगेश्वर राम उम्र 48 वर्ष ने अपनी पत्नी दुबेश्वरी बाई उम्र 46 वर्ष की हाथ, लात एवं घूंसों से मारकर उसकी हत्या कर दी। 26 जुलाई को थाना सिटी कोतवाली जशपुर पुलिस को ग्रामीणों से सूचना मिली थी कि ग्राम घुटरी में दुबेश्वरी बाई उम्र 46 वर्ष की मृत्यु हो गई है। सूचना पर पुलिस टीम तत्काल ग्राम घुटरी पहुंची, जहां दुबेश्वरी बाई अपने घर में मृत अवस्था में पड़ी हुई है, पुलिस के द्वारा आस पास पूछताछ करने पर पता चला कि मृतका दुबेश्वरी बाई व उसके पति आरोपी जगेश्वर राम के मध्य आए दिन लड़ाई झगड़ा होता रहता था। घटना दिनांक को भी आरोपी जगेश्वर राम ने अपनी पत्नी मृतका दुबेश्वरी बाई के साथ मारपीट की थी।

### कार्रवाई जारी है

डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ लाल उमेद सिंह ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के ग्राम घुटरी में अपनी पत्नी की हत्या करने वाले आरोपी पति को पुलिस के द्वारा गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। अग्रिम कार्रवाई जारी है।

### गले व सिर पर मिले चोट के निशान

पुलिस के द्वारा जब शव का पंचनामा किया गया, तो पाया कि मृतका के गले में चोट का निशान था, व सिर में में लगी चोट से खून निकल रहा था, पुलिस को प्रथम दृष्टया हत्या की आशंका होने पर, पुलिस के द्वारा शव का डॉक्टर से पोस्ट मार्टम कराया गया। डॉक्टर की पोस्ट मार्टम रिपोर्ट में शरीर में लगी अंदरूनी व बाहरी चोट के कारण मृत्यु की प्रकृति को हत्यात्मक लेख करने पर पुलिस के द्वारा थाने में हत्या के लिए बीएनएस की धारा 103(1) के तहत अपराध पंजीबद्ध करते हुए, आरोपी पति जगेश्वर राम को हिरासत में लिया गया।

### वाद विवाद और हत्या

पूछताछ पर आरोपी जगेश्वर राम के द्वारा अपराध स्वीकार करते हुए बताया गया कि घटना दिनांक को उसके व उसके पत्नी के मध्य शराब नहीं मिलने की बात को लेकर वाद विवाद हो रहा था, इसी दौरान आरोपी के द्वारा अपनी पत्नी को सब्जी बनाने हेतु कहा गया, उसकी पत्नी के द्वारा सब्जी बनाने से मना करने पर आरोपी के द्वारा आवेश में आकर, अपनी पत्नी के साथ हाथ मुक्के व लात से मारपीट की गई, जिससे उसकी पत्नी की मौके पर ही मृत्यु हो गई। पुलिस के द्वारा आरोपी के अपराध स्वीकार करने व प्रयाप्त सबूत पाए जाने पर उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

### नेशनल लोक अदालत की सफलता के लिए हुई बैठक

**जशपुरनगर।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सत्येन्द्र कुमार साहू की अध्यक्षता में 12 सितंबर को होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए जिला न्यायालय एवं अधीनस्थ न्यायालयों के बीच जिला न्यायालय के विडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में फिजिकल, वर्चुवल के माध्यम से बैठक हुई। बैठक में भानू प्रताप सिंह त्यागी, प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश कुनकुरी, बलराम कुमार देवांगन, द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, कुनकुरी, जनार्दन खरे, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (एफटीसी) जशपुर, सरोजनी जर्नादन खरे जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, सुमन सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, श्वेता बघेल सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नरेन्द्र कुमार तेंदुलकर, न्यायिक मजिस्ट्रेट वरिष्ठ श्रेणी कुनकुरी, अंकिता यदु न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी बगीचा, श्वेता अवस्थी, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी पत्थलगांव, दिव्या गोयल न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, चैताली खांडेकर, न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय श्रेणी, पूनम नशीने न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय श्रेणी एवं नेहा तिर्की, न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय श्रेणी उपस्थित रहे। राजस्व न्यायालयों में राजस्व अधिकारियों द्वारा राजस्व मामले भू-अर्जन, सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा एवं अन्य राजस्व मामलों का निराकरण नेशनल लोक अदालत में किया जाएगा।

### भाजपा मीडिया प्रभारी की कथित टिप्पणी पर बढ़ा विवाद, ब्राह्मण समाज ने कार्रवाई की उठाई मांग

**रायगढ़।** भाजपा मीडिया प्रभारी गणेश अग्रवाल की कथित टिप्पणी को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। सर्व ब्राह्मण समाज ने आरोप लगाया है कि समाज विशेष को लेकर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी से उनकी धार्मिक भावनाएं और सामाजिक सम्मान आहत हुआ है। इस मामले में समाज के प्रतिनिधियों ने पुलिस प्रशासन और भाजपा नेतृत्व से उचित कार्रवाई की मांग की है।

लिखित शिकायत करते हुए सर्व ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधि पंडित अमित कुमार शर्मा ने कहा कि गणेश अग्रवाल द्वारा कथित रूप से दिया गया बयान ब्राह्मण समाज के सम्मान के विरुद्ध है। किसी भी समाज के बारे में इस प्रकार की टिप्पणी स्वीकार्य नहीं हो सकती। उन्होंने आरोप लगाया कि इस बयान से समाज के लोगों में आक्रोश व्याप्त है और इसे पूरे समाज का अपमान माना जा रहा है। समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि इस संबंध में पहले ही सिटी कोतवाली में लिखित शिकायत दी जा चुकी है। किंतु कई सप्ताह के बाद भी अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इसी विषय को लेकर समाज के पदाधिकारियों ने एसपी से भी मुलाकात कर मामले में निष्पक्ष जांच और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की मांग की। पंडित अमित कुमार शर्मा ने आरोप लगाया कि पुलिस की ओर से उन्हें न्यायालय जाने की सलाह दी गई, जिससे समाज में असंतोष और बढ़ गया है। उनका कहना है कि यदि किसी वर्ग की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप है, तो पुलिस को नियमानुसार जांच कर कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अर्थ किसी भी समाज या समुदाय की गरिमा को ठेस पहुंचाने की छूट नहीं है।

# फर्जी फौती नामांतरण की थाने में शिकायत, जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

ग्राम पंचायत कछार में कथित फर्जी फौती नामांतरण का मामला तूल पकड़ता नजर आ रहा है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि मृतक मीनू चौहान के नाम पर पंचायत का कथित फर्जी प्रस्ताव तैयार कर राजस्व रिकॉर्ड में नामांतरण कराया गया और बाद में उसी आधार पर भूमि की रजिस्ट्री भी कर दी गई।



मामले की शिकायत करते प्रार्थी।

मामले की शिकायत अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) बिसेन और थाना प्रभारी विनीत पांडे से करते हुए पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है। शिकायत में कहा गया है कि ग्राम पंचायत कछार स्थित भूमि के लिए 5 जून को पंचायत का प्रस्ताव तैयार दिखाया गया। आरोप है कि यह प्रस्ताव वास्तविक ग्रामसभा की कार्यवाही के अनुरूप नहीं है और इसमें सावित्री चौहान के दस्तावेजों का आधार बनाकर फौती नामांतरण की प्रक्रिया पूरी की गई। शिकायतकर्ता का दावा है कि जिस पंचायत प्रस्ताव के आधार पर नामांतरण किया गया, उस प्रस्ताव पंजी पर सरपंच और संबंधित पंचों के वास्तविक हस्ताक्षर नहीं हैं। आरोप है कि पंचायत की बैठक आयोजित किए बिना ही प्रस्ताव तैयार कर दिया गया, जिससे पूरे मामले में फर्जीवाड़े की आशंका गहरा गई है। दस्तावेजों की जांच की मांग शिकायतकर्ता ने प्रशासन से मांग की है कि ग्राम पंचायत की मूल प्रस्ताव पंजी, बैठक कार्यवाही, सरपंच-सचिव के हस्ताक्षर, राजस्व अभिलेख और अन्य संबंधित दस्तावेजों की गहन जांच कराई जाए, ताकि सच्चाई सामने आ सके।

### मिली है शिकायत

शिकायत प्राप्त हुई है। जिसमे जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।
**-विनीत पांडे,** थाना प्रभारी

### प्रेमचंद लिखित पंच परमेश्वर नाटक का मंचन

**जशपुरनगर।** हिंदी साहित्य के महान कथाकार एवं उपन्यासकार मुंशी प्रेमचंद की याद में विकासखंड मनोरा में एक विशेष सांस्कृतिक व साहित्यिक कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में, शिक्षा विभाग तथा अजीम प्रेमजी फाउंडेशन मनोरा के संयुक्त तत्वाधान में स्थानीय शिक्षकों द्वारा मुंशी प्रेमचंद की सुप्रसिद्ध कहानी 'पंच परमेश्वर' का जीवंत नाट्य मंचन किया जाएगा।यह आयोजन 29 जुलाई को शासकीय स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के निकट सामुदायिक भवन मनोरा हॉल में संपन्न होगा। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी तरुण कुमार पटेल, विकासखंड स्रोत केंद्र समन्वयक आशुतोष शर्मा एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की टीम ने क्षेत्र के सभी प्रबुद्ध नागरिकों, साहित्यकारों शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से इस नाट्य मंचन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# दोकड़ा में नीलाद्री विजय के साथ महाप्रभु का गर्भगृह में प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



जिले के विकासखंड कांसाबेल स्थित ऐतिहासिक श्री जगन्नाथ मंदिर दोकड़ा में आयोजित श्री जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव का समापन सोमवार को नीलाद्री विजय की पावन परंपरा के साथ श्रद्धा, भक्ति और उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। भगवान श्री जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा विधि-विधान के साथ रथ से पुनः श्री मंदिर के गर्भगृह में विराजमान हुए। इस दौरान हजारों श्रद्धालुओं ने महाप्रभु के दिव्य दर्शन कर सुख-समृद्धि एवं विश्व कल्याण की कामना की।

- 1942 से चली आ रही ऐतिहासिक रथयात्रा का समापन

नीलाद्री विजय के अवसर पर श्री मंदिर के गजपति महाराज एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी कौशल्या साय विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा-अर्चना कर महाप्रभु का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता निभाई। नीलाद्री विजय की सबसे महत्वपूर्ण परंपरा के तहत भगवान श्री जगन्नाथ माता लक्ष्मी को मनाने के लिए रसगुल्ला लेकर पहुंचे। भगवान द्वारा माता लक्ष्मी को रसगुल्ला अर्पित करने की यह सदियों पुरानी परंपरा श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इस भावपूर्ण अनुष्ठान के साथ महाप्रभु का पुनः गर्भगृह में प्रवेश कराया गया।मंदिर समिति द्वारा महाप्रसाद वितरण एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं की उत्कृष्ट व्यवस्था की गई।

### शपथ पत्र

मैं रुपानन्द सा आत्मज स्व. पुस्तम सा उम्र 51 वर्ष जाति-कोलता, निवासी-लुकापारा, तहसील सरिया, जिला- सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.) का निवासी हूं। निम्न शपथपूर्वक का कथन करता हूं-
1. यह कि मेरे पुत्री दिपाजंली का जन्म दिनांक 19/10/2011 को हुआ है। जिस नाम से आधार कार्ड क्रमांक 687985524647 जारी हुआ है।
2. यह कि मेरे पुत्री दिपाजंली के नाम से पूर्व मे नगरपालिका निगम रायगढ़ के द्वारा जन्म प्रमाण पत्र जारी कर प्रदान किया गया था। जिसमें त्रुटिवश नाम दिपाजंली दर्ज था जिस कारण से आधार कार्ड मे दिपाजंली नाम दर्ज है। किन्तु दिपाजंली का नाम गलत होने के कारण जन्म प्रमाण पत्र को नगरपालिका रायगढ़ से संशोधन करा कर सही नाम दिपांजली सा से जन्म प्रमाण पत्र जारी कर प्राप्त किया गया है।
3. यह कि उक्त कारण से पूर्व में दिपाजंली के नाम से जारी आधार कार्ड को संशोधन कराकर पुत्री का सही नाम दिपांजली सा से प्राप्त करना चाहता हूं।
4. यह कि उक्त स्थिति को देखते हुये प्रदत्त, आधार कार्ड में दिपाजंली के स्थान पर पुत्री का सही नाम दिपांजली सा दर्ज कर आधार कार्ड प्रदान कराये जाने हेतु यह शपथ पत्र प्रस्तुत किया जा रहा है

रुपानन्द
शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं रुपानन्द सा आत्मज स्व. पुस्तम सा उम्र 51 वर्ष जाति-कोलता, निवासी-लुकापारा, तहसील सरिया, जिला- सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.) सत्यापित करता हूं कि शपथ पत्र की कंडिका 01 से 04 तक की वर्णित बातें मेरे निजी ज्ञान से सही एवं सत्य है।
स्थान-सरिया
दिनांक-28.07.2026

रुपानन्द
शपथकर्ता

TOP IN RAIGARH
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग ◆ मानसिक रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मूत्र संबंधी रोग
◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग ◆ किडनी संबंधी रोग
◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड मांसपेशी का रोग
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई (छ.ग.) 95224 66605

BHASKAR EYE CARE
हम रखते हैं आपकी आँखों का ख्याल
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989
AdPRAYAS

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप



### 1076 से अजय की बदली राह, मिली ट्रायसाइकिल

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 में शिकायत के बाद लैलूंगा ब्लॉक के ग्राम दर्रीपारा गहनाझरिया निवासी दिव्यांग हितग्राही अजय शंकर चौहान की शिकायत पर समाज कल्याण विभाग ने मोटराइज्ड ट्रायसाइकिल उपलब्ध कराई। इससे अब उनका आवागमन पहले की तुलना में कहीं अधिक आसान हो गया है। अजय शंकर चौहान ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 में बताया था कि दिव्यांगता के कारण उन्हें रोजमर्रा के कार्यों और आने.जाने में काफी कठिनाई होती है।

### पालना सहायिका भर्ती निरस्त

**रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ शहरी अंतर्गत पालना केन्द्र प्रेमनगर में पालना सहायिका के रिक्त पद के लिए जारी भर्ती निरस्त कर दिया गया है। बीते 8 जुलाई को जारी सूचना के अनुसार पालना सहायिका के पद के लिए 9 जुलाई से 23 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। विज्ञप्ति में टंकण त्रुटि के कारण पालना केन्द्र प्रेमनगर वार्ड क्रमांक 27 के स्थान पर वार्ड क्रमांक 28 अंकित हो गया था। इसी टंकण त्रुटि के चलते पूर्व में जारी सूचना निरस्त किया गया है।

### श्रम विभाग का पोर्टल 27 जुलाई से फिर चालू

**रायगढ़।** श्रम विभाग के विभागीय पोर्टल में पिछले कुछ दिनों से सर्वर संबंधी समस्या के कारण पंजीयन एवं विभिन्न योजनाओं के सुचारू संचालन में परेशानी आ रही थी। विभागीय डेटा को फिजिकल सर्वर से क्लाउड सर्वर पर माइग्रेशन के लिए 19 से 21 जुलाई तक पोर्टल पर कार्यों का संचालन भी स्थगित रखा गया था। पिछले एक सप्ताह से सर्वर में आ रही तकनीकी समस्या के चलते श्रमिकों के पंजीयन एवं योजनाओं से संबंधित कार्य प्रभावित हो रहे थे। विभाग द्वारा तकनीकी समस्या का निराकरण कर 27 जुलाई से विभागीय पोर्टल को पुनः सुचारू कर दिया गया है।

### पेयजल के लिए 12 करोड़ स्वीकृत, मिलेगी सुविधा

**रायगढ़।** डीएमएफ से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आवश्यक विकास एवं अधोसंरचना कार्यों के लिए डीएमएफ मद से कुल 13 कार्यों के लिए 10 करोड़ 86 लाख 53 हजार रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति जारी की गई है। इसमें लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के 12 कार्यों के लिए 1 करोड़ 30 लाख 35 हजार रुपये तथा छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के कार्य के लिए 9 करोड़ 56 लाख 18 हजार रुपए शामिल हैं। स्वीकृत राशि से ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था को बेहतर बनाने के साथ साथ आवासीय अधोसंरचना से जुड़े महत्वपूर्ण कार्य किए जाएंगे। डीएमएफ मद से स्वीकृत राशि का एक बड़ा हिस्सा ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए रखा गया है। कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग रायगढ़ के माध्यम से कुल 12 पेयजल संबंधी कार्यों के लिए 1 करोड़ 30 लाख 35 हजार रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसमें ग्राम गोपालपुल, विकासखंड रायगढ़ में 19.20 लाख रुपए, विखं धरमजयगढ़ के ग्राम नावागांव में 18.19 लाख रुपए, ग्राम कापू में 9.97 लाख रुपए, ग्राम कुड़ेकेला में 9.99 लाख रुपए, ग्राम किरीया में 9.98 लाख रुपए, ग्राम हाटी में 9.74 लाख रुपए, ग्राम बंधापाली में 4.53 लाख रुपए, ग्राम गोलाबुड़ा में 9.85 लाख रुपए, ग्राम बोजिया में 9.18 लाख रुपए, ग्राम अमलीटीकरा में 9.99 लाख रुपए तथा पत्थलगांव खुर्द में 9.98 लाख रुपए एवं तमनार विकासखंड के ग्राम जीवरी में 9.75 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इन कार्यों के पूरा होने से संबंधित गांवों में पेयजल व्यवस्था को मजबूती मिलेगी और ग्रामीणों को बेहतर मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। जिला प्रशासन द्वारा डीएमएफ मद का उपयोग स्थानीय जरूरतों और जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देते हुए किया जा रहा है।

## पुसौर के बोरोडीपा सीबीएसई इंग्लिश मीडियम स्कूल का मामला

# शिक्षा विभाग का गजब खेलः तीन साल से एक भी छात्र नहीं, दो शिक्षक जाते हैं केवल हाजिरी लगाने

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

शिक्षा विभाग में गजब खेल चल रहा है। यहां एक स्कूल ऐसे है जहां बीते तीन साल एक भी छात्र नहीं है, लेकिन वहां दो शिक्षक हैं और हर दिन हाजिरी लगाने जाते हैं। सुबह 10 से 4 बजे तक दोनों शिक्षक स्कूल में मौजूद रहते हैं। इसके बाद चले जाते हैं। यह सिलसिला एक नहीं दो नहीं, बल्कि तीन साल से चल रहा है। इसके बाद भी शिक्षा विभाग इस स्कूल को न तो किसी अन्य स्कूल में मर्ज कर रहा है और न ही शिक्षकों को दूसरे जगह शिफ्ट कर रहा है। याने केवल आने जाने का दोनों शिक्षक राशि ले रहे हैं।

तहसील मुख्यालय पुसौर के बोरोडीपा में साल 2018 में बड़े दावे के साथ शुरू की गई सीबीएसई इंग्लिश मीडियम मिडिल स्कूल आज बदहाली की तस्वीर बन गई है। स्कूल में पिछले 3 सालों से एक भी छात्र नहीं है, बावजूद यहां 2 शिक्षक पदस्थ हैं और उन्हें नियमित वेतन भी दिया जा रहा है। जानकारी के अनुसार 2018 में शुरू हुए इस स्कूल में पहले 3 साल यानी 2019-2020 और 2021 तक छात्रों की अच्छी संख्या थी। लेकिन जब शासन द्वारा अंग्रेजी माध्यम के स्वामी आत्मानंद स्कूल की शुरुआत हुई तो इस सीबीएसई स्कूल के सभी अंग्रेजी माध्यम के शिक्षक वहां पदस्थ कर दिए गए। उनके स्थान पर हिंदी माध्यम के शिक्षक भेजे गए। नतीजा ये हुआ कि 2022 के बाद 6वीं, 7वीं, 8वीं में सिर्फ एक.एक छात्र बचे। उनके पास होने के बाद वर्ष 2024 से यहां प्रवेश लेने वाला एक भी बच्चा नहीं है। आज स्थिति ये है कि स्कूल पूरी तरह बंद है।




### खोला गया था यूथ सेंटर

पिछली सरकार के कार्यकाल में कम छात्रों के कारण यहां सीएम यूथ सेंटर भी स्थापित किया गया था। सेंटर में अभी भी कंप्यूटर, प्रतियोगी पुस्तकें और करियर गाइडेंस की सामग्री रखी है, लेकिन उसका भी समुचित उपयोग नहीं हो पा रहा। स्थानीय लोगों का आरोप है कि शासन ने एक तरफ इस सीबीएई स्कूल की उपेक्षा की दूसरी तरफ ठीक इसी क्षेत्र में नया आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल खोल दिया। स्कूल के बगल में इंग्लिश मीडियम प्राइमरी स्कूल भी संचालित है लेकिन वहां पढ़े बच्चे भी यहां भर्ती नहीं होते क्योंकि यहां अंग्रेजी पढ़ाने वाले शिक्षक ही नहीं हैं। बोरोडिपा क्षेत्र के अभिभावकों का कहना है कि सरकार बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। स्कूल या तो बंद करो या फिर आत्मानंद स्कूल में इसका विलय कर दो।

# जनपद सीईओ के चेंबर में होती है गोपनीय मीटिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर



जनपद पंचायत पुसौर में आम जनता के लिए बना कार्यालय अब कुछ चुनिंदा लोगों की क्लोज्ड डोर मीटिंग का अड्डा बन गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक गोस्वामी के पदभार संभालने के बाद से कार्यालय की कार्यप्रणाली को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि सीईओ कार्यालय समय में अपने चेंबर में दो जनपद सदस्यों, सत्ता दल के लोगों के साथ बंद कमरे में गोपनीय चर्चा करते हैं और इस दौरान पहुंचने वाले आम आवेदकों को मिलने से मना कर दिया जाता है। गेट खुला और दरवान तैनात होने के बावजूद अंदर जाने वाले फरियादियों को सीधे बाद में आना कहकर बाहर का रास्ता दिखा दिया जाता है।

सूत्रों के अनुसार सीईओ गोस्वामी का यहां से शीघ्र ट्रांसफर कराने की मंशा के चलते उनका व्यवहार आम जनता के प्रति काफी रूखा हो गया है। इसी कारण वे जनसुनवाई को प्राथमिकता नहीं दे रहे और कार्यालय में आने वाले गरीब हितग्राहियों को टाल रहे हैं। ऐसे में राशन कार्ड बनवाने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने और वृद्धा पेंशन के लिए भटक रहे लोगों को भुगतना पड़ रहा है। पुसौर ब्लॉक के ग्राम बरपाली से पेंशन के लिए आए 70 वर्षीय वृद्ध ने बताया कि वे 15 दिन में 3 बार कार्यालय आ चुके हैं। हर बार 2 बजे के आसपास पहुंचते हैं तो साहब मीटिंग में हैं कहकर भगा दिया जाता है। इसी तरह ग्राम कोसमंदा की एक विधवा महिला भी आवास और राशन कार्ड के लिए 2-2 बार आकर लौट चुके हैं। इन लोगों का कहना है कि इतने बार आने के बाद भी अधिकारी 2 मिनट का समय नहीं दे पाते और रूखे लहजे में बात करते हैं। स्थानीय लोगों और जनपद कार्यालय के पुराने कर्मचारियों का कहना है कि गोस्वामी के आने से पहले भी चेंबर में बैठकें होती थीं लेकिन तब दरवाजा खुला रहता था और बीच-बीच में आवेदकों को बुलाकर उनकी समस्या सुन ली जाती थी। पिछले सीईओ कार्यालय समय का पूरा उपयोग जनसुनवाई में करते थे। लेकिन अब स्थिति बदल गई है। चेंबर को पूरी तरह क्लोज्ड डोर मीटिंग रूम बना दिया गया है। सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी के अनुसार शासकीय कार्यालय का समय सुबह 10 बजे से शाम 5.45 बजे तक जनता के लिए होता है। इस दौरान अधिकारी का पहला कर्तव्य आम नागरिक की शिकायत सुनना और उसका निराकरण करना है। विभागीय चर्चा या राजनैतिक लोगों से बैठक फोन परए व्हाट्सएप पर या कार्यालय समय के बाद भी की जा सकती है। बिना कोई लिखित रसीद दिए, बिना अगली तारीख बताए आवेदक को वापस भेजना न केवल शिष्टाचार के खिलाफ है बल्कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत कर्तव्य में लापरवाही की श्रेणी में आता है।

# अभी तक सुशासन तिहार के बाकी है 1808 आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने जनसरोकार से जुड़े विभिन्न प्रकरणों की समीक्षा की और लंबित आवेदनों का तय समय में निराकरण करने का निर्देश दिया। इस दौरान बैठक में सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निराकरण की भी विस्तार से समीक्षा की गई।

समीक्षा में बताया गया कि जिले में कुल 30 हजार 326 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 28 हजार 518 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है, जबकि 1 हजार 808 आवेदन लंबित हैं। कलेक्टर 10 अगस्त तक आवेदनों के निराकरण का अल्टीमेटम दे दिया है। लापरवाही या अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा।
बैठक में कलेक्टर जनदर्शन के लंबित आवेदनों की विभागवार समीक्षा के दौरान बताया गया कि कुल 268 आवेदन लंबित हैं, जिनमें 175 आवेदन 10 दिनों से अधिक समय से लंबित हैं। कलेक्टर ने अधिक लंबित प्रकरण वाले विभागों के अधिकारियों से जवाब तलब करते हुए निर्देश दिए कि प्रत्येक आवेदन का गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि केवल औपचारिक निराकरण स्वीकार्य नहीं होगा, बल्कि प्रत्येक प्रकरण का समाधान आवेदक की संतुष्टि एवं शासन के मापदंडों के अनुरूप होना चाहिए। बैठक में जिले के प्रमुख जलाशयों, तालाबों एवं शासकीय जलभराव क्षेत्रों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वर्षाकाल के दौरान इन स्थलों की नियमित एवं प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए।

# संविदा शिक्षक करेंगे आंदोलन, 4 और 5 अगस्त को सांकेतिक हड़ताल की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरमकेला

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय योजना में कार्यरत संविदा शिक्षक एवं कर्मचारियों ने अब अपनी मांगों को लेकर आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। छत्तीसगढ़ स्वामी आत्मानंद संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी संघ ने 4 एवं 5 अगस्त को दो दिवसीय सांकेतिक हड़ताल की घोषणा कर दी है। हड़ताल का असर सारंगढ़ बिलाईगढ़ सहित प्रदेश के सभी जिलों में संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम विद्यालयों में देखने को मिल सकता है।

हड़ताल की सूचना संघ द्वारा सभी कलेक्टर, एसपी डीईओ-बीईओ को लिखित रूप से भेज दी गई है। संघ का कहना है कि वर्षों से विभिन्न मांगों को लेकर शासन और प्रशासन के समक्ष ज्ञापन प्रस्तुत किए जा रहे हैं, लेकिन अब तक उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए कोई ठोस और सकारात्मक पहल नहीं की गई है। इसी कारण कर्मचारियों को लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज बुलंद करने के लिए आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है।



### ये हैं कर्मचारियों की प्रमुख मांगें

संघ द्वारा जारी हड़ताल सूचना पत्र में जिन मांगों का उल्लेख किया गया है उनमें प्रमुख रूप से समस्त संविदा शिक्षक एवं कर्मचारियों का शिक्षा विभाग में संविलियन। वेतन वृद्धि एवं उचित वेतनमान की व्यवस्था। सेवा सुरक्षा और पेंशन संबंधी लाभ प्रदान करना। सभी संविदा कर्मचारियों के लिए न्यूनतम 50 लाख रुपये का बीमा लागू करना। मध्यप्रदेश सरकार की तर्ज पर संविदा नियुक्ति नियम लागू करना। संविदा कर्मचारियों के लिए स्थायी एवं स्पष्ट सेवा नीति का निर्माण। संघ का कहना है कि इन मांगों को लेकर कई बार शासन प्रशासन को ज्ञापन सौंपे गए हैं।

4-5 अगस्त को प्रदेश के सभी स्वामी आत्मानंद के शिक्षक एव कर्मचारी संघ के सदस्य विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल में रहेंगे

**कुलदीप खटर्जी**
**जिला अध्यक्ष, स्वामी आत्मानंद कर्मचारी संघ बिलाईगढ़**

# जिला योगासन चैंपियनशिप में चंद्रपुर का जलवा, सभी खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित

- स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के विद्यार्थियों ने जीते स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक,



**चंद्रपुर।** पामगढ़ में आयोजित 5वीं जिला स्तरीय योगासन भारत चैंपियनशिप में योगासन भारत चंद्रपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। विभिन्न आयु वर्गों की प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के आधार पर टीम के सभी खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय योगासन भारत चैंपियनशिप के लिए चयन हुआ है। प्रतियोगिता की विशेष उपलब्धि यह रही कि चंद्रपुर टीम के सभी खिलाड़ी एवं खिलाड़ी स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, चंद्रपुर के छात्र-छात्राएँ हैं। खिलाड़ियों की सफलता में विद्यालय के प्राचार्य हेमचंद पटेल के मार्गदर्शन तथा टीम के प्रशिक्षक शोभा कुमार आनंद के कुशल प्रशिक्षण और सतत अभ्यास की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अंडर 14 बालिका वर्ग में प्रियारानी पांडेय ने आर्टिस्टिक पेयर स्पर्धा में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। याचना मेहरा ने ट्रेडिशनल एवं आर्टिस्टिक पेयर स्पर्धा में द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि अनुभूति चौहान ने ट्रेडिशनल एवं आर्टिस्टिक सिंगल दोनों स्पर्धाओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की। वहीं अंडर 14 बालक वर्ग में शिवांश सिदार ने आर्टिस्टिक सिंगल एवं ट्रेडिशनल स्पर्धा में प्रथम स्थान हासिल कर दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए। अंडर 17 बालिका वर्ग में लीना पटेल ने आर्टिस्टिक सिंगल एवं आर्टिस्टिक पेयर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। हर्षिता गोस्वामी ने आर्टिस्टिक पेयर में प्रथम, खुशी वैष्णव ने आर्टिस्टिक पेयर में प्रथम एवं आर्टिस्टिक सिंगल में द्वितीय तथा अंकिता मालाकर ने आर्टिस्टिक पेयर में प्रथम स्थान प्राप्त कर टीम की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। अंडर 17 बालक वर्ग में सुबोध राज ने आर्टिस्टिक सिंगल में द्वितीय एवं रिदमिक पेयर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अविनाश दुआन ने आर्टिस्टिक पेयर में प्रथम तथा ट्रेडिशनल स्पर्धा में तृतीय स्थान हासिल किया। नितीश मेहर ने आर्टिस्टिक पेयर में प्रथम एवं ट्रेडिशनल स्पर्धा में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंडर 19 बालक वर्ग में घृतेश देवांगन ने ट्रेडिशनल एवं रिदमिक पेयर दोनों स्पर्धाओं में प्रथम स्थान हासिल कियाए जबकि चंदन मेहर ने ट्रेडिशनल एवं आर्टिस्टिक सिंगल दोनों स्पर्धाओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर चंद्रपुर टीम की सफलता में अहम भूमिका निभाई। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर टीम के सभी खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय योगासन भारत चैंपियनशिप के लिए चयन किया गया है। इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार, अभिभावकों एवं पूरे चंद्रपुर क्षेत्र में हर्ष का वातावरण है। खिलाड़ियों ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के प्राचार्य हेमचंद पटेल, प्रशिक्षक शोभा कुमार आनंद, अपने अभिभावकों तथा विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं एवं स्टाफ को दिया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी वे उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चंद्रपुर, सक्ती जिले और प्रदेश का नाम गौरवान्वित करेंगे।

# तीन मांगों को लेकर 30 जुलाई को बिलाईगढ़ बंद

**बिलाईगढ़।** नगरहित से जुड़े तीन प्रमुख मुद्दों को लेकर व्यापारी संघ बिलाईगढ़ ने 30 जुलाई को नगर बंद का आह्वान किया है। संघ ने नगरवासियों, व्यापारियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों तथा युवाओं से आंदोलन में शामिल होकर समर्थन देने की बात कही है।

व्यापारी संघ का कहना है कि लंबे समय से विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक ठोस कार्रवाई नहीं होने के कारण बंद का निर्णय लेना पड़ा। व्यापारी संघ की पहली मांग नगर के अधूरे पड़े गौरव पथ निर्माण कार्य को तत्काल शुरू कराने की है। संघ का कहना है कि निर्माण कार्य रुका होने से लोगों को धूल, गड्ढों और जाम जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसका असर व्यापारिक गतिविधियों पर भी पड़ रहा है। कई बार प्रशासन को ज्ञापन सौंपे गए, लेकिन निर्माण कार्य अब तक शुरू नहीं हो पाया। दूसरी मांग नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुशील चौधरी का स्थानांतरण उनके कार्यकाल की निष्पक्ष जांच कर निलंबन की कार्रवाई करने की है। व्यापारी संघ का आरोप है कि नगर की विभिन्न समस्याओं को लेकर लगातार शिकायतें किए जाने के बावजूद अपेक्षित पहल नहीं हुई। हालांकि, इस संबंध में समाचार लिखे जाने तक संबंधित अधिकारी का पक्ष प्राप्त नहीं हो सका था। संघ की तीसरी मांग मुख्य मार्ग से संचालित सभी बसों का नियमित संचालन बिलाईगढ़ तक सुनिश्चित करने की है। व्यापारियों का कहना है कि बसों के नियमित संचालन नहीं होने से विद्यार्थियों, मरीजों, किसानों, व्यापारियों और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ रही है।

# मनरेगा के काम में कर दी मानव दिवस की कटौती, ग्रामीणों ने की कलेक्टर से शिकायत

**रायगढ़।** जनदर्शन में ग्राम तेलीपाली के ग्रामीणों ने मनरेगा अंतर्गत तालाब गहरीकरण कार्य में मानव दिवस की कटौती की शिकायत करते हुए जांच की मांग की। इस पर कलेक्टर ने संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी तरह ग्राम उच्चभिट्ठी निवासी पुरुषोत्तम चौधरी ने बताया कि दुर्घटना में उनका दाहिना पैर टूट गया है और चिकित्सकों ने ऑपरेशन की सलाह दी है। उपचार में लगभग 2 लाख रुपए का खर्च आने की संभावना है, जबकि उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर है तथा वे अंत्योदय राशन कार्डधारी हैं। इसी प्रकार ग्राम बैकुंठपुर की अनुपमा यादव ने बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के अंतर्गत आवेदन किया था, जिसे घोषणा पत्र के अभाव में निरस्त कर दिया गया। पुनः आवेदन करने के बाद उन्होंने योजना का लाभ दिलाने का अनुरोध किया।

# बनोरा गुरु बाबा प्रियदर्शी के आध्यात्मिक वचनों से आया समाज में बदलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



### आज गुरू पूर्णिमा

आषाढ़ माह की पूर्णिमा गुरु पूर्णिमा का दिन गुरु शिष्य के मिलन के लिए निर्धारित माना जाता है। गुरु पूर्णिमा के दिन महान गुरु महर्षि वेद व्यास की जयंती भी है। सनातन परंपरा में आज का दिन उस रिश्ते के नाम है जो अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाता है। और ऐसे ही एक प्रकाश पुंज का नाम है अघोर गुरु पीठ ट्रस्ट के संस्थापक पूज्य बाबा प्रियदर्शी राम जी।


तीन दशक पहले जब बाबा जी के चरण रज बनोरा की पावन धरती पर पड़े एतब यहां अज्ञानता का अंधकार चप्पे चप्पे में पसरा हुआ था मूलभूत साधनों का अभाव था। रूढ़ीवादी परम्पराएं हावी थीं। तीन दशकों के सफर के दौरान गुरु चरण में संपर्क में रही बनोरा ज्ञान, प्रेम और संस्कार की त्रिवेणी बन गई। गुरु अथाह ज्ञान का खजाना होता है।
गुरु दीपक है जो खुद जलकर समाज को आलोकित करता है। पूज्य बाबा प्रियदर्शी राम जी का जीवन भी इसी दीपक की भांति समाज को आलोकित करते रहे है। पूज्य बाबा जी ने मानव जाति को इस तथ्य से अवगत कराया कि हर मनुष्य के अंदर असीमित शक्तियां निहित हैं। बस सोई हुई शक्तियों को जागृत करने की की जरूरत है। उसी तरह मानव जाति के सामने आपने यह आदर्श उदाहरण रखा कि सुख दुख मनुष्य के मन की अवस्था है। जरूरत से ज्यादा साधनों पर निर्भरता ही मनुष्य के दुखों का कारण है। आपने बताया कि मनुष्य को जीवन के भटकाव से बचने के लिए जीवन का वास्तविक लक्ष्य समझना जरूरी है। पूज्य पाद बाबा प्रियदर्शी राम जी ने आध्यात्मिक ज्ञान के साथ व्यावहारिक ज्ञान को भी जरूरी बताया। धनाढ्य लोगों के समाज में बढ़ते प्रभाव के संबंध में आपका मानना रहा बताया कि सिर्फ धन कमाने वाला ही सफल नहीं होता। जो पीड़ित मानव की सेवा करता है, वही असली मायने में संतुष्ट और सफल है। निः स्वार्थ सेवा मानवता को सही मायने में धर्म बताया।

### पुलिस ने किया 2 शराब कोचिया को गिरफ्तार



**सरसीवा।** चौकी बेलादुला पुलिस ने अवैध शराब बिक्री करने वाले दो शराब कोचिया पर कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया है। बीते 25 जुलाई को ग्राम हेड्स पाली की तरफ से दो लोग बिना नंबर की मोटर साइकिल में शराब बिक्री करने ले जा रहे थे। आरोपी केशम सिंह सिदार पिता पुरसोत्तम सिदार 24, टेकराम यादव पिता लीलाधर यादव निवासी किस्दा के कब्जे से 20 लीटर कच्ची महुआ शराब और एक बिना नंबर की मोटर साइकिल जब्त किया।

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं. 1 एजेंसी देना है
आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि
की खरसिया में एजेंसी देना है।
इच्छुक व्यक्ति रक्षाधन (डिपॉजिट राशि) के साथ संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय
एसईसीएल महाप्रबंधक कार्यालय के पास, केलो विहार रायगढ़
मो. 7000789166, 9301844932

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di · Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411